**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 620**

**जिसका उत्तर 06 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।**

.....

**बरनार जलाशय का निर्माण**

**620. श्री गिरिधारी यादवः**

**क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** क्या बिहार के जमुई जिले के अंतर्गत दो राज्यों बिहार और झारखंड को जोड़ने वाले बरनार जलाशय के निर्माण का कार्य दीर्घकाल से लंबित है;

**(ख)** यदि हां, तो उक्त जलाशय की अनुमानित लागत क्या है तथा अब तक आवंटित निधि कितनी है;

**(ग)** क्या सरकार ने उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की है; और

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी**

**(क) से (घ):** जी हां, बिहार के जमुई जिला में बरनार जलाशय का निर्माण कार्य दीर्घ काल से लंबित है। संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जल संसाधन परियोजनाएं, उनके स्वयं के संसाधनों और प्राथमिकता के अनुसार आयोजित, वितपोषित, निष्पादित और अनुरक्षित की जाती है। भारत सरकार की भूमिका इस मंत्रालय की चल रहीं योजनाओं के अंतर्गत कुछ चिन्हित परियोजनाओं के लिए तकनीकी और आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए, एक प्रेरक होने के रूप तक सीमित है।

बरनार जलाशय परियोजना को बिहार राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, अब तक, इस परियोजना के संबंध में कुल व्यय 63.89 करोड़ रूपये हुआ है। पूर्ववर्ती योजना आयोग की सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण संबंधी तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा वर्ष 1975 में इस परियोजना पर 8.0346 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से विचार किया गया था और मंजूरी प्रदान की गई थी। इस परियोजना का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग में दिनांक 28.10.2023 को वर्ष 2022-23 मूल्य स्तर पर 2,302.22 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ लागत संशोधन हेतु प्रस्तुत किया गया था। दिनांक 17.01.2024 को राज्य सरकार को इसकी वर्ष 2023-24 मूल्य स्तर पर अपडेटेड जल विज्ञान, सिंचाई योजना और लागत अनुमान के साथ नई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के सुझाव के साथ लौटा दिया गया था। राज्य द्वारा सूचित किया गया है कि इस समय बरनार जलाशय परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, ओपन चैनल की जगह पाइप लाइन नेटवर्क के साथ पुनर्नियोजित की जा रही है।

*****